(d) if no action has been taken, what are the reason therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) and (b) The Delhi Police has reported that one restaurant, named Mughal Plaza, running in K.D. Block, Ashok Vihar, has come to their adverse notice. The restaurant has since been closed down.

(c) and (d) Proper scrutiny is exercised before granting licences to eating places/restaurants. Restaurants running without valid certificate of registration are liable to be prosecuted by the local police under the Delhi Police Act.

"भारत रत्न" पुरस्कार देने के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत

4143. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने "भारत रत्न" पुरस्कार देने के संबंध में कोई मार्गदर्शी सिद्धांत बनाये हैं;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार करना चाहती है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) से (ङ) भारत रत्न अलंकरण पुरस्कार को राष्ट्रपति द्वारा अपने हस्ताक्षर तथा मोहर सहित एक सनद के द्वारा प्रदान किया जाता है। कला, साहित्य तथा विज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय सेवा के लिए तथा उच्च कोटि की समाज सेवा के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाता है। जाति, व्यवसाय, स्तर अथवा लिंग के भेदभाव के बिना कोई भी व्यक्ति इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए पात्र है। भारत रत्न पुरस्कार से संबंधित विद्यमान कानून व नियम, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ उपर्युक्त दिशा-निर्देश दिए गए हैं, राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा 8 जनवरी, 1955 को अधिसूचित किये गये थे।

अभियुक्त की चिकित्सीय जांच

4144. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जांच कार्य करने से पूर्व तथा उसके बाद अभियुक्त की चिकित्सीय जांच कराने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध का ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) और (ख) दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 53 और 54 में, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की चिकित्सा जांच कराने का प्रावधान पहले से ही है।

Andhra Pradesh Government's request for amending Cr.P.C.

4145. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government of Andhra Pradesh has requested the Central Government to amend Section 433(A) of Cr.P.C. in order to reduce the period of sentence in respect of criminals whose behaviours found to be good in jail; and

(b) if so, what are the details thereof?